# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 14 मार्च, 2017/ 23 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 14**

----

### ब्यास वैली पावर निगम

1610 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सरकार ने ब्यास वैली पावर निगम, जोगिन्द्रनगर (मण्डी) में (DNIT, Without DNIT & work orders) सिविल व इलैक्ट्रिकल के कौन-कौन से कार्य किन-किन व्यक्तियों को कितनी-कितनी धनराशि के आबंटित किए; ब्यौरा नाम व पते सहित सभा पटल पर रखें; और

(ख) इन आबंटित कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

### पदोन्नति

1611 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में वेटर से कैप्टन व कैप्टन से MDH के पदों पर पदोन्नति हेतु क्या नियम है; नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) यह सत्य है कि निगम ने कुछ वेटरों को सीधे MDH के पदों पर पदोन्नति प्रदान की है; और

(ग) यदि हां, तो कारण व किन-किन वेटरों को सीधे MDH के पद पर पदोन्नत किया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित सभा पटल पर रखें?

----

## मानदेय में बढ़ोतरी

1612 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के अन्तर्गत सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का मानदेय/भत्ता बढ़ा दिया है;

(ख) यदि हां, तो जिला परिषद् तथा ब्लॉक समिति के सदस्य, चेयरमैन एवं वाईस-चेयरमैन तथा पंचायत के प्रधान व उप-प्रधान को कितना-कितना मानदेय वर्तमान में दिया जा रहा है; कितनी धनराशि इस मद पर प्रतिमाह खर्च हो रही है;

(ग) पंचायत के पंचों को भत्ता न देने के क्या कारण हैं और सरकार क्या इन्हें भी मानदेय देने पर विचार करेगी; और

(घ) यदि हां, तो कब तक?

----

## गैस एजेंसियां

1613 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गैस एजेंसियां खोलने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे स्थानों का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इन स्थानों में कब तक गैस एजेंसियां स्थापित की जाएंगी?

----

## पुलिस चौकी डूंखरा

1614 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत मलाणा का क्षेत्र थाना मनाली के अन्तर्गत आता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में इस पंचायत को पुलिस चौकी डूंखरा थाना कुल्लू के अन्तर्गत अधिसूचित करने पर विचार करेगी?

----

## शारीरिक शिक्षक के साक्षात्कार

1615 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला मंडी में शारीरिक शिक्षक (Physical Education Teacher) के पद के साक्षात्कार होने के बावजूद इन्हें अभी नियुक्ति नहीं दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन्हें कब तक नियुक्त करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## गृह रक्षक की रिक्तियां

1616 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत छठी गृह रक्षा वाहिनी जासन में गृह रक्षक के कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## पदपूर्ति

1617 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मण्डल गोहर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चालकों के कितने पद भरे गये हैं; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## सड़कों का रख-रखाव

1618 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ग्रीन टैक्स बैरियर आलूग्राऊंड व ग्रीन टैक्स बैरियर प्रीणी से ऊपर कितनी सड़क राष्ट्रीय उच्च-मार्ग प्राधिकरण की है और कितनी सड़क लोक निर्माण विभाग की है;

(ख) इन सड़कों की कितनी लम्बाई है; प्रत्येक का ब्यौरा क्षेत्रवार दें;

(ग) इन सड़कों के रख-रखाव व मरम्मत के लिए क्या टूरिज्म कौंसिल की धनराशि खर्च की जा सकती है; और

(घ) यदि हां, तो गत चार वर्षों में किन-किन सड़कों में कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का व्यय

1619 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बा व तीसा विकास खण्डों में मनरेगा से कितनी-कितनी धनराशि दी गई; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) इन पंचायतों में क्या व्यय की गई धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## शिक्षा-प्रेरक

1620 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने शिक्षा-प्रेरक कार्यरत हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या इनको नियमित करने हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## बिजली की दर

1621 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या प्रदेश में पानी से पैदा हो रही बिजली को स्थानीय लोगों को कम दर पर देने का विचार रखती है?

----

## बिजली की तारें बदलना

1622 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली की तारें बहुत पुरानी हैं और यदि हां,

तो इन तारों को कब तक बदल दिया जाएगा?

----

## भवन निर्माण

1623 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या इन्दौरा में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाऊस की दयनीय स्थिति के दृष्टिगत यहां नया भवन बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 25 फरवरी, 2017.** **सचिव।**